# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 17.8.26 | 14 | 4-5 |

## आजादी के लिए बलिदान देने वाले शूरवीरों का सदैव ऋणी रहेगा देश : प्रो. बीआर

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कैंपस स्कूल परिसर में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की जबकि स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कुलपति प्रो. कम्बोज ने कहा कि कृतज्ञ राष्ट्र आजादी के लिए बलिदान देने वाले शूरवीरों का सदैव ऋणी रहेगा। कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने समारोह में देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने देश भक्ति पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी जिसमें 200 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों ने नुक्कड नाटक, पीटी शो, तिरंगा गीत, हरियाणवी नृत्य तथा एनसीसी कैडेट्स ने कदमताल कर बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर दर्शकों से तालियां बटोरी। कार्यक्रम में कैंपस स्कूल के प्राचार्य सोमा सेखरा र्समा धुलिपाला ने सभी का स्वागत किया। प्राध्यापक सुनील दुहन ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच का संचालन कनिका व स्नेहा ने किया।



हिसार। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 17.8.26 | 6 | 7.8 |

# एचएयू में पर्यावरण संरक्षण के संदेश संग ध्वजारोहण



एचएयू के कैंपस स्कूल में पौधरोपण करते कुलपति प्रो. कांबोज व अन्य। स्रोत: संस्थान

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज मुख्य अतिथि रहे। स्कूल निदेशिका संतोष कुमारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कुलपति ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद वन महोत्सव के तहत स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने विद्यार्थियों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। करीब 200 विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 17.8.26 | 5 | 1 |

## एचएयू के विक्रांत जर्मनी में प्रस्तुत करेंगे शोधपत्र

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बिजनेस मैनेजमेंट विभाग के कनिष्ठ शोध अध्येता विक्रांत हुड्डा लुदास जर्मनी में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे 18 से 20 अगस्त तक गोटिंगेन में होने वाले 16वें आईएफएसडीएए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 17.8.26 | 3 | 1-2 |

## एचएयू कैंपस स्कूल में शहीदों को याद किया



**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कैंपस स्कूल परिसर में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि वीसी प्रो. बलदेव राज काम्बोज और कार्यक्रम अध्यक्ष निदेशिका संतोष कुमारी की मौजूदगी में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। प्रो. काम्बोज ने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के बलिदान को याद किया।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 17.8.26 | 3 | 7-8 |



हकृवि कैंपस स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर प्रस्तुति देते विद्यार्थी • विज्ञप्ति

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 17.8.26 | 12 | 1-4 |

# कृतज्ञ राष्ट्र आज़ादी के लिए बलिदान देने वाले शूरवीरों का सदैव ऋणी रहेगा : प्रो. बलदेव राज काम्बोज



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

हिसार, 16 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कैंपस स्कूल परिसर में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने करतल ध्वनि के बीच ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। कुलपति प्रो. काम्बोज ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि आजादी हमें ज्ञात एवं अज्ञात वीरों के त्याग, संघर्ष और बलिदान से प्राप्त हुई है, इसलिए इसकी गरिमा और मूल्यों को बनाए रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि कृतज्ञ राष्ट्र आजादी के लिए बलिदान देने वाले शूरवीरों का सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से राष्ट्र की एकता, अखंडता, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने तथा आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व पटल पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसमें युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। युवाओं को शिक्षा, नवाचार, विज्ञान, तकनीक और राष्ट्रसेवा के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देना चाहिए। प्रो. काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक कृषि तकनीकों को खेतों तक पहुंचाने तथा कृषि क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों और किसानों से मिलकर कृषि को और अधिक लाभकारी, टिकाऊ एवं आधुनिक बनाने का आह्वान किया। कुलपति ने बोर्ड की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। उन्होने स्कूल के प्रांगण में वन महोत्सव कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण भी किया। उन्होने स्कूल परिसर में विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने समारोह में देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने देश भक्ति पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी जिसमें 200 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों ने नुक्कड नाटक, पीटी शो, तिरंगा गीत, हरियाणवी नृत्य तथा एनसीसी कैडेट्स ने कदमताल कर बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर दर्शकों से तालियां बटोरी। कार्यक्रम में कैंपस स्कूल के प्राचार्य सोमा सेखरा र्समा धुलिपाला ने सभी का स्वागत किया। प्राध्यापक सुनील दुहन ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच का संचालन कनिका व स्नेहा ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, गैर शिक्षक कर्मचारी व छात्र मौजूद रहे।